# जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.dainikjagranmpcg.com ✹ चाचौड़ा ✹ राघौगढ़ ✹ मुंगावली ✹ चंदेरी ✹ पोहरी ✹ कोलारस ✹ जीरापुर ✹ सारंगपुर ✹ बड़नगर ✹ नागदा

भोपाल, 01 फरवरी 2026


### दो दिन और ऐसा ही रहेगा मौसम, बारिश के भी आसार, ठंड से बचने हीटर और अलाव का सहारा ले रहे लोग

# दिनभर बादलों में ढंके रहे सूर्यदेव, पारा चढ़ा, ठंड बढ़ी

जागरण, ब्यावरा

उत्तर भारत में बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ का असर जिले पर भी पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह से बादल, बारिश, कोहरा और ठंड ने लोगों का जन-जीवन प्रभावित कर दिया है। दो दिन पूर्व हुई बारिश के बाद जिला कोहरे की चपेट में रहा। इसके बाद शुक्रवार को तापमान 5 डिग्री गिरकर 3 डिग्री पर आ गया था। वहीं दूसरे दिन शनिवार को बादल छाने से तापमान में एकाएक 7 डिग्री बढ़कर 10 डिग्री पर पहुंच गया, लेकिन ठंड भी तेज हो गई। दिनभर बादलों के कारण सूर्य के दर्शन नहीं हुए। वहीं बारिश का माहौल बना रहा। वहीं जिले में कुछ जगह पर बौछारें पड़ी। मौसम विभाग ने आगामी दो दिन मौसम ऐसा ही रहने और हल्की बारिश और कोहरे का पूर्वानुमान जताया है। सुबह से कोहरा और शीत लहर के चलते लोगों में कंपकपी छूट गई। दिनभर ठंडी हवाएं चलीं। इससे दिन का तापमान भी कम हुआ। वहीं लोग सर्दी से बचने गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए, तो अलाव का सहारा लिया। वहीं बादल और कोहरे के साथ शीत लहर चलने के साथ तापमान में और गिरावट होगी। बादलों के कारण तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। जबकि ठंड जोर पड़क रही है। घरों में ठंड से राहत पाने के लिए हीटर और ब्लोअर चलाए जा रहे हैं। शाम होने से पहले ही सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा छा रहा है। रात में कोहरे की चादर से सारा शहर लिपट रहा है। सड़कों के किनारे और कॉलोनियों में लोग अलाव जलाकर सर्दी से बचने की कोशिश करते दिखे।



### तापमान पर एक नजर

| दिन | न्यून. ताप. |
|---|---|
| 31 जनवरी | 10. 0 |
| 30 जनवरी | 03.0 |
| 29 जनवरी | 08.4 |
| 28 जनवरी | 09.5 |
| 27 जनवरी | 06.6 |

### सर्दी में किसानों की हो रही फजीहत

मावठे की बारिश के बाद सर्दी बढ़ गई है। ऐसे में किसानों को फसलों में सिंचाई करने में खासी मशक्कत करना पड़ रही है। क्योंकि सिंचाई के लिए बिजली कंपनी अधिकांश गांवों में रात्रि के समय बिजली सप्लाई करती है। ऐसे में किसानों को देर रात 8 या 10 बजे से सुबह 6 बजे तक सिंचाई के लिए खेतों में खड़े होना पड़ रहा है। जिससे उनकी सेहत भी प्रभावित हो रही है।

#### दिनभर छाए बादल, ठंड बढ़ी

शनिवार को ठंड बढ़ गई। दोपहर बाद शीतलहर ने लोगों को कंपाया। बादलों के कारण दिनभर सूर्य के दर्शन नहीं हुए। लोगों का आग के सहारे पूरा दिन कटा। उधर बाजार में गर्म कपड़ों की बिक्री जोर-शोर से जारी है। हर व्यक्ति ठण्ड से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। ठण्ड के चलते बाजारों की रौनक गायब है। लोगों ने घरों में रजाई और गर्म कपड़ों के अलावा अलावा का सहारा लेकर सर्दी से बचाव करते नजर आए।

### जाटव समाज का प्रदेश स्तरीय शपथ-विधि समारोह आज



**ब्यावरा।** जाटव (बृजवासी) समाज कल्याण संघ चौरासी के हाल हुए प्रदेश स्तरीय चुनाव में अध्यक्ष का चुनाव हुआ है। इसमें कैलाश चंद्र जाटव पंडाजी सर्वाधिक मतों से विजयी हुए। अध्यक्ष श्री पांडाजी द्वारा प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया है। इसमें उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित विभिन्न पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया है। इस नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ विधि समारोह एक फरवरी रविवार को जिला मुख्यालय राजगढ़ पर मां आसमानी माता मंदिर कालाखेत परिसर में आयोजित किया जाएगा। समारोह सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। प्रदेशाध्यक्ष श्री पंडाजी ने समिति पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं से शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

#### ट्रक ने तीन वाहनों को मारी टक्कर, चार घायल

**ब्यावरा।** खिलचीपुर में श्मशान के पास नाहरदा गेट क्षेत्र में शनिवार दोपहर राता देवी मंदिर की घाटी से उतरते समय एक ट्रक के ब्रेक फेल हो गए। अनियंत्रित ट्रक ने एक के बाद एक तीन वाहनों को टक्कर मार दी। जिसमें चार लोग घायल हो गए। जबकि मौके पर मौजूद अन्य लोग बाल-बाल बच गए।

## न्यूज कार्नर

### 6 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का होगा लोकार्पण

**कुरावर।** नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आज विकास की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा आज रविवार को दोपहर 1 बजे कुल 6 करोड़ 97 लाख 81 हजार रुपये की लागत से बने तहसील टप्पा कार्यालय भवन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करेंगे। कालापीपल मार्ग पर श्रीकृष्ण गौशाला के सामने मध्य प्रदेश भाजपा सरकार की योजना के तहत 1 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से निर्मित तहसील टप्पा कार्यालय भवन का लोकार्पण दोपहर 1 बजे किया जाएगा। इस नवीन भवन के शुभारंभ से नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उन्नत कर 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जिसकी लागत 5 करोड़ 73 लाख 81 हजार रुपये है। इसके लोकार्पण के बाद नगर व ग्रामीण अंचल के लोगों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### पीएम श्री विद्यालय में कैरियर काउंसलिंग मेला आयोजित



**जीरापुर।** प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को स्कूल से ही भविष्य की दिशा देने के उद्देश्य से हाईस्कूल/हायर सेकेंडरी स्कूलों में करियर और काउंसलिंग मेला आयोजित किए जा रहे है जिसमें विद्यार्थियों को करियर संबंधित जानकारी दी जा रही है ताकि बच्चे सौंच समझकर अपना करियर चुन सके। इसी कड़ी मे जीरापुर ब्लॉक अंतर्गत शासकीय पीएमश्री विद्यालय उमावि गागोरनी में शुक्रवार 30 जनवरी 2026 को कक्षा 9 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित पूजन कर की गई। तत्पश्चात काउंसलर अनिल पुष्पद ने करियर काउंसलिंग की आवश्यकता उसका महत्व पर चर्चा की गई। इस दौरान मार्गदर्शक के रूप में मुख्य अतिथि डॉक्टर अतुल प्रजापति उपस्थित रहे जिन्होंने मेडिकल क्षेत्र की संभावनाओं और उनसे संबंधित कोर्स पर विस्तृत चर्चा करते हुए छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का निवारण किया गया। विशेष अतिथि अजीत राजावत ग्रामीण बैंक मैनेजर द्वारा बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी हुई केरियर संबंधित समस्त संभावनाओं, बैंकिंग फ्रॉड के बारे में बच्चों को जानकारी दी। श्री राजावत ने 18 साल भारतीय नौसेना में भी अपनी सेवाएं दी हैं। शाला के वरिष्ठ शिक्षक आशीष कुमार शर्मा ने छात्रों को भारतीय सेना से संबंधित सभी करियर की जानकारी दी। अंत में स्कूल प्राचार्य रमेश चंद्र दांगी ने जीवन में लक्ष्य निर्धारण और समय प्रबंधन के बारे में विधार्थियों को प्रेरणादायक जानकारियां दी। इस आयोजन में शिक्षक विजय सिंह चौधरी, अंतिम पुष्पद, भगवान सिंह मालवीय और कमल सिंह दांगी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर स्कूल स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स में राजगढ़ के खिलाड़ियों ने जीते तीन पदक



जागरण, ब्यावरा

मध्यप्रदेश के ओलंपिक कहे जाने वाले खेलो एमपी यूथ गेम्स (जूडो) में राजगढ़ जिले के होनहार खिलाड़ियों ने अपने अद य साहस, कठिन परिश्रम और अटूट संकल्प से ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने पूरे जिले का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित खेलो इंडिया स्मॉल जूडो सेंटर, ब्यावरा के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने जिले और अपने भविष्य के लिए जंग जीती।

प्रतियोगिता में हरिओम प्रजापति ने 90 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। ज्योतिराज प्रजापति ने 66 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक एवं शीलत यादव ने 57 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर संघर्ष और आत्मविश्वास की मिसाल पेश की। खेलो इंडिया जूडो कोच शुभम राजपूत ने बताया कि इन खिलाड़ियों की यह सफलता वर्षों की तपस्या, अनुशासन और कभी हार न मानने वाले जज़्बे का परिणाम है। कठिन परिस्थितियों में भी इन्होंने अ यास नहीं छोड़ा और आज वही मेहनत पदकों में बदल गई। इन ऐतिहासिक उपलब्धियों पर जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, संभागीय खेल अधिकारी शर्मिला डावर ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कांग्रेस ने मनरेगा को लेकर किया प्रदर्शन

**जीरापुर।** केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदले जाने और उसमें किए गये बदलावों के विरोध मे शुक्रवार को नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने मनरेगा को बहाल और मजबूत करने की मांग को लेकर तहसील मुख्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण कर दिया है और इसके स्वरूप मे भी कई बदलाव कर दिये इन बदलावों से ग्रामीण मजदूरों के अधिकार कमजोर होंगे साथ ही गरीबों को मिलने वाला रोजगार प्रभावित होगा। इस अवसर पर ब्लॉक काग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण सरावत, नगर कॉग्रेस अध्यक्ष राजेश शर्मा पटवारी, तरूण चौबे आदि मौजूद थे।

## सड़क किनारे खड़ी मारुति वैन में अचानक लगी आग, हादसा टला



**सुठालिया।** शनिवार दोपहर मधुसुदनगढ़ रोड पर सड़क किनारे खड़ी एक मारुति वैन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते वैन से तेज लपटें और काला धुआं उठने लगाए जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार नसीलपुर निवासी दौलतराम मीणा अपनी मारुति वैन लेकर सुठालिया बाजार में निजी कार्य से आया था इसी दौरान वैन को मधुसूदन रोड सड़क किनारे खड़ी की और पास की एक बैटरी दुकान पर चला गया। वैन एलपीजी से चलाई जा रही थी। पास में जल रहे अलाव से निकली चिंगारी या अत्यधिक गर्मी के कारण वैन में आग लग गई। आग तेजी से फैली और कुछ ही मिनटों में पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने नप के फायर वाहन व पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस कर्मी दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझ जाने से आसपास खड़े अन्य वाहनों और दुकानों को नुकसान होने से बचा लिया गया। थाना प्रभारी अनिल राहोरिया ने बताया कि प्राथमिक जांच में अलाव की चिंगारी से वाहन में आग लगने की आशंका है। मामले की विस्तृत जांच जारी है। घटना के समय वैन में कोई सवार नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि, आग से वैन पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई।

## महिला ने बीच सड़क पर बैठकर किया हंगामा, लगा जाम

जागरण, ब्यावरा

राजगढ़ में खिलचीपुर नाका चौराहे पर एक महिला ने बीच सड़क पर जमकर हंगामा किया। महिला पहले सड़क के बीचों-बीच बैठ गई। काफी देर तक वहीं जमी रही। इसके बाद अचानक वह सड़क पर लेट गई, जिससे दोनों ओर से गुजर रहे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। महिला की इस हरकत के कारण वाहन चालकों को अपने वाहन बीच सड़क पर ही रोकने पड़े, जिससे कुछ ही देर में चौराहे पर जाम की स्थिति बन गई। इससे पहले महिला सड़क से पत्थर उठाकर इधर-उधर फेंकती भी नजर आई, जिससे आसपास खड़े लोग सहम गए। घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने महिला के हंगामे का वीडियो बना लिया, जो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### मातापूजन के जुलूस में गाय भगाने पहुंचे दलित के साथ मारपीट

**ब्यावरा।** देहात थाना क्षेत्र के ग्राम चाठा में शनिवार को मातापूजन के जुलूस के दौरान गाय भगाने पहुंचे दलित युवक के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार को चाठा में इंदरसिंह सौंधिया के बालक की मातापूजन का जुलूस निकाला का रहा था। इसी दौरान गोविंद वाल्मिक जुलूस के पास से गाय को भगाने पहुंच गया। इस पर आरोपी दरियाव सिंह, भारत सिंह सौंधिया, रवि सौंधिया ने फरियादी कुलदीप पिता नारायण सिंह वर्मा के साथ मारपीट की। रिपोर्ट में उल्लेख किया है आरोपियों ने जाति सूचक गालियां देकर मारपीट की। इससे फरियादी के हाथ, पैर में चोटें आई है।

### विश्वकर्मा जन्मोत्सव मनाया, सम्मेलन समिति के अध्यक्ष मनोनीत

**ब्यावरा।** नगर में भगवान विश्वकर्मा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें डकोरा रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर से जुलूस निकाला गया, जो पूरे नगर में भ्रमण करते हुए पीपल चौराहे पहुंचा। यहां से राजगढ़ रोड होते हुए राजगढ़ बायपास आरा मशीन पर समापन हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया, इसमें श्री विश्वकर्मा कल्याण सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशोर विश्वकर्मा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री राजेश विश्वकर्मा पधारे, समिति के लोगों ने स्वागत किया गया। समिति के चुनाव भी किया। इसमें घीसालाल सुल्तानपुर वाले को सामूहिक विवाह स मेलन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद भोजन प्रसादी हुई।

## पार्किंग नहीं होने से सड़क पर खड़े हो रहे वाहनों से रोज लगता है जाम

जागरण, सुठालिया



नगर में पार्किंग नहीं होने से ब्यावरा रोड़ पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक जिला सहकारी बैंकों व मंडी की दुकानों के बड़े पैमाने पर बाइक व चार पहिया वाहन खड़े रहे से वहां चालको को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है पर प्रशासन है कि कोई ध्यान नहीं दे रहा है यहां हर समय हादसे का अंदेशा बना रहता है। वहीं बस स्टेंड तिराहे पर बही बड़ी तादाद में दुकानों के सामने बाइक खड़ी रहती है यहां से वाहन तो के पेदल निकलना भी मुश्किल होता है। नगर में पार्किंग व्यवस्था नहीं हो ने से सड़को पर मोटर सायकल सहित अन्य वाहनों की लंबी लाइन लगी रहती है। इसके चलते उक्त वाहन सड़को के बीचों बीच तक आ जाते हे जिस्से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। नगर में किसी भी बैंक के बाहर पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से बैंकिंग उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर बेतरतीब तरह से खड़े वाहनों के कारण दिन में कई बार जाम के हालात भी बनते है जिसके चलते राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहीं हाल बस स्टेंड के है यहां भी दिन भर में कई बार जाम की नोबत आ जाती है। बैंको के बाहर से हो जाती बाइक चोरी-बैंको के सामने बड़ी तादाद में मोटर सायकल खड़ी होने से कई बार यहां से बाइक चोर बाइक चोरी करने में कामयाब हो जाते है। गत दिनों भी यहां से दो बाइक चोरी जा चुकी है।

### पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज निकलेगी माता बिजासन की पालकी

**सारंगपुर।** परम्परागत माता बिजासन पालकी यात्रा आज पूर्णिमा के पावन अवसर पर शुभ मुहूर्त में रात्रि आठ बजे के बाद निकलेगी। पालकी में परम्परागत तरीके से माता बिजासन के प्रति स्वरूप माता की मूर्ति विराजित की जाएगी पालकी यात्रा में क्षेत्र सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के लाखों श्रद्धालु शामिल होंगे। अनादिकाल से चली आ रही इस ऐतिहासिक डोली पालकी शोभायात्रा में शामिल होकर भक्त माता के दर्शन के साथ माता के दिव्य स्वरूप डोली के दर्शन भी करते है और रात्रि जगराता कर माता से अपनी मनोकामनाएं पूर्ति की मन्नत करते हैं। रात भर चलने वाले इस भव्य आयोजन में माता की डोली के साथ राजगढ़, इंदौर, झालावाड़ से आने वाले किन्नर शामिल होकर माता के भजनों के साथ बधाई गीतों पर थिरकते हैं जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहते हैं। परम्परागत चिरागों की रोशनी में निकलने वाली यात्रा में पुजारी परिवार के साथ गांव के गणमान्य नागरिक माता की डोली को अपने कंधों पर उठा कर चलते हैं। करीब तेरह प्रमुख चिन्हित स्थानों पर विश्राम हेतु रुकेगी।

## यूजीसी के विरोध में निकाली बाईक रैली, बाजार बंद आज



जागरण, ब्यावरा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) कानून के विरोध में शनिवार को सवर्ण समाज ने नगर में बाइक रैली निकालकर आक्रोश व्यक्त किया। वहीं रविवार को दोपहर 1 बजे तक सवर्ण समाज द्वारा बाजार बंद कराकर विरोध प्रकट किया जाएगा। शनिवार शाम को करणी सेना के तत्वावधान में ब्यावरा में बाइक रैली निकालकर विरोध प्रकट किया। वैष्णोदेवी मंदिर परिसर में सवर्ण समाज के युवा व समाजजनों ने रैली प्रारंभ की, जो सुठालिया बायपास रोड होते हुए मु य बाजार, नीम चौराहा होते हुए जगात चौक पहुंची होते हुए पुनः वैष्णोदेवी मंदिर पहुंची, जहां समापन किया गया। यूजीसी के विरोध में रविवार को बाजार बंद का आव्हान किया है। जिसमें एक बजे तक दुकानें बंद रखकर बंद का समर्थन करें। सुबह 9 बजे वैष्णौदेवी मंदिर से हाथों में तख्तियां लेकर जुलूस की शक्ल में पीपल चौराहा पर पहुंचेंगे, जहां राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा जाएगा।

### शा. महाविद्यालय में होगा दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार

**नरसिंहगढ़।** शासकीय महाविद्यालय में पहली बार दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. चेतन त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेमिनार 10, 11 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। सेमिनार का विषय 'भारतीय ज्ञान परंपरा : विज्ञान, संस्कृति और दर्शन का समन्वय' रखा गया है। इस सेमिनार का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से होने जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा से युवा पीढ़ी को परिचित कराना है। इनमें प्रो. डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी (पूर्व कुलपति, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली), डॉ. देवीलाल कलप्पा बामण संघ अध्यक्ष हिन्दी विभाग महाराष्ट्र, डॉ. अश्वनी शर्मा चेयरमैन बोर्ड ऑफ स्टडी राजनीति विज्ञान देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, डॉ. समाकान्त भारद्वाज (प्राध्यापक गणित विभाग एमिटी यूनिवर्सिटी, कोलकाता), डॉ. आशीष गुप्ता सहायक प्राध्यापक मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल एवं डॉ नीलम गुप्ता सहायक प्राध्यापक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 छत्तीसगढ़ प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे एवं विचार विमर्श किया जाएगा।

**सौगात** बिनियाखेड़ी गांव में बनाए जाएंगे सामुदायिक भवन एवं पैवर्स

## मंत्री ने किया 18 लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



जागरण, ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिनियाखेड़ी में विकास कार्यों को सशक्त रूप देते हुए लगभग 18 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित सामुदायिक भवन एवं पेवर्स निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं स्थानीय कार्यकर्ता बड़ी सं या में उपस्थित रहे। मंत्री श्री पंवार ने कहा कि ब्यावरा विधानसभा में विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहे हैं। सड़क, भवन, पेयजल, बिजली और ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और ग्रामीण जीवन स्तर में वास्तविक सुधार हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र सरकार विकास के हर क्षेत्र में ठोस और परिणामोन्मुखी कार्य कर रही है। सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और गांव आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने ग्रामीण विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि सामुदायिक भवन जैसे निर्माण कार्य सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक गतिविधियों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे, वहीं पेवर्स निर्माण से गांव की आंतरिक सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की स्थिति में सुधार होगा। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विश्व स्तर पर बढ़ती याति का भी उल्लेख किया और कहा कि आज भारत विकास, विश्वास और नेतृत्व के नए मानक स्थापित कर रहा है।

### नपा के दो कर्मचारियों के रिटायर होने पर समारोह पूर्वक दी विदाई



**जागरण, खिलचीपुर।** शुक्रवार को नगर पंचायत खिलचीपुर में कार्यरत सफाई संवरक्षक श्रीमती भंवरी बाई एवं फिल्टर अटेंडर इब्राहिम खान के रिटायर्ड होने पर नगर पालिका भवन में उनका सम्मान कर आत्मीय बिदाई समारोह आयोजित कर ढोल नगाड़े आतिश बाजी के बीच उन्हें हार, फूलों शाल श्रीफल भेंट कर पूरे सम्मान के साथ बिदाई दी। इस मौके पर पार्षद घनश्याम गुप्ता, इरफान भाई, प्रतिनिधि, मुबारिक भाई शंभु मेवाड़ा, राकेश जायसवाल अनिल जोशी, सुरेंद्र सिंह खींची, पूनम साहू, राजेंद्र दांगी, राम लाल दीपक आनंद शर्मा, घनश्याम सोनी बंटीसोनी आदि मौजूद रहे।

## ठंड में अलाव का सहारा लेकर किसानों के बीच पहुंचे विधायक

जागरण, कुरावर



शनिवार को क्षेत्र में कड़ाके की ठंड का असर दिनभर बना रहा। सुबह से लेकर शाम तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो सके, जिससे शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी रहा। ठंड से बचने के लिए नगर व ग्रामीण अंचलों में नागरिकों, व्यापारियों और किसानों को गली-मोहल्लों व मुख्य मार्गों पर अलाव का सहारा लेते देखा गया। इसी बीच क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ठंड के इस कठिन दौर में ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे। हाल ही में हुई ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को हुए नुकसान की जानकारी लेने विधायक किसानों के बीच पहुंचे, जहां किसान अलाव जलाकर ठंड से बचाव कर रहे थे। विधायक ने किसानों से सीधे संवाद कर फसल क्षति की स्थिति जानी और उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के साथ हर परिस्थिति में खड़ी है। ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वे कराया जा रहा है, ताकि वास्तविक नुकसान का आकलन कर किसानों को शीघ्र राहत दी जा सके। इस दौरान ग्रामीणजन एवं किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## न्यूज कार्नर

### शेर खान का किया सम्मान




**जागरण उज्जैन।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलों एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत 28 से 31 जनवरी तक जिले में राज्य स्तरीय कुश्ती एवं मल्लखम्ब प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता राजमाता सिंधिया स्टेडियम, नानाखेड़ा में तथा मल्लखम्ब प्रतियोगिता लोकमान्य तिलक स्कूल में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।समापन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बड़े भाई एवं समाजसेवी नारायण यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष शेर खान को उज्जैन जिला कुश्ती संघ का सदस्य बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। शेर खान ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें दी गई जिम्मेदारी का वे पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में जिला कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष उमेश ठाकुर, सचिव सुरेंद्र यादव, राजेश काका भाटी, फारुख पहलवान, सरफराज हुसैन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### विश्व शांति महास्तूप महोत्सव का आयोजन आज

**जागरण उज्जैन।** भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में विश्व शांति महास्तूप महोत्सव एवं संत शिरोमणि रविदास जयंती का संयुक्त कार्यक्रम वैश्य टेकरी, कानीपुरा (तराना रोड) पर 1 फरवरी रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर दर्शन एवं सहभागिता के लिए हजारों की संख्या में बौद्ध अनुयायी एवं अंबेडकरवादी समाजजन शामिल होंगे।भारतीय बौद्ध महासभा के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां एक माह पूर्व से ही प्रारंभ कर दी गई थीं। आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु सभी धर्मगुरुओं के प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष आर. आर. जवादे करेंगे। आयोजन को सफल बनाने में पंकज कांबले, कल्पना कुंभारे, रवि धारकर, छाया धारकर, शशिकांत देशभरतार, अभिलाष संभरकर, अशोक उपाध्याय, भावेश पाटिल सहित समस्त बौद्ध अनुयायियों का सक्रिय सहयोग रहेगा।

### ज्जैन के दिनेश मालवीय ने जीते 3 सिल्वर मेडल

**जागरण उज्जैन।** संत ज्ञानेश्वर महाराज क्रीड़ा संकुल इंद्रायणी नगर पुणे (महाराष्ट्र) में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित आठवीं नेशनल मास्टर गेम्स एथलीट के अंतर्गत 400 मीटर दौड़ में उज्जैन के दिनेश मालवीय ने सिल्वर मेडल (द्वितीय स्थान), 800 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल (द्वितीय स्थान) और 5 किलोमीटर दौड़ में सिल्वर मेडल (द्वितीय स्थान) प्राप्त किया। मध्य प्रदेश एसोसिएशन के सचिव अमानत खान ने बताया कि इस इवेंट में 22 राज्यों के खिलाड़ी ने सहभागिता की थी। पीएसओ दिनेश मालवीय विधायक महेश परमार की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात है। मालवीय की इस उपलब्धि पर स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सिंहस्थ 2028 की तैयारी.. यूडीए तैयार करेगा नया रोड नेटवर्क

## उज्जैन विकास प्राधिकरण कर रहा 13 सडक़ों का निर्माण

**जागरण उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 से पहले शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) द्वारा 13 नई सडक़ों के निर्माण की योजना पर काम किया जा रहा है। इनमें से 8 सडक़ों को प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है, टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है और निर्माण कार्य भी प्रारंभ कर दिए गए हैं। वहीं, शेष 5 सडक़ परियोजनाओं की कार्ययोजना तैयार है, जिन्हें शासन की मंजूरी मिलते ही शुरू किया जाएगा।



उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि आगामी सिंहस्थ में करोड़ों श्रध्दालुओं का उज्जै आगमन होना है। इसे देखते हुए शासन ने स्वीकृत सभी सडक़ों पर तय समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य सिंहस्थ के दौरान आवागमन को सुगम बनाना, वैकल्पिक मार्ग विकसित करना और शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों को बेहतर कनेक्टिविटी देना है। फिलहाल मंजूर हो चुकी 8 सडक़ों के निर्माण का काम विभाग ने शुरु कर दिया है। शेष कार्य भी स्वीकृति के बाद आरंभ कर दिए जाएंगे।

### इन सड़कों को मिल चुकी है स्वीकृति

सीईओ श्री सोनी के मुताबिक स्वीकृत हो चुके 8 सडक़ निर्माम कार्यों में शंकराचार्य चौराहा से दत्त अखाड़ा, भूखी माता, उज्जडखेड़ा हनुमान होते हुए उज्जैन-बडऩगर रोड तक सीसी रोड, भर्तहरी गुफा से ऋणमुक्तेश्वर तक 12 मीटर चौड़ी सडक़, गढक़ालिका मंदिर से पीर मत्स्येंद्रनाथ तक 12 मीटर चौड़ी सडक़, जूना सोमवारिया से पौपली नाका व अंकपात चौराहा तक 24 मीटर चौड़ी सडक़, कर्कराज पार्किंग से भूखी माता रोड (4 लेन) और लालपुल तक सडक़ निर्माण, कार्तिक मेला ग्राउंड से नाईखेड़ी रोड (सिंहस्थ बाईपास) तक सडक़, महाराजवाड़ा चौराहा से हरसिद्धि मंदिर चौराहा होते हुए क्षिप्रा नदी तक 24 मीटर चौड़ी सडक़ और प्रशांति धाम चौक से शनि मंदिर तक 12 मीटर चौड़ी सडक़ शामिल हैं।

### इन मार्गों की स्वीकृति का इंतजार

- खाकचौक वीर सावरकर चौराहा, गढक़ालिका-भर्तहरी गुफा से रंजीत हनुमान तक मार्ग निर्माण, क्षिप्रा नदी पर पुल सहित।
- क्षिप्रा नदी के पश्चिमी भाग पर प्रस्तावित आरयूआर-22, 30 मीटर चौड़ी सडक़।
- भैरवगढ़ जेल चौराहा से पिपलीनाका तक 6 लेन, 45 मीटर चौड़ी सडक़।
- शनि मंदिर से जीवनखेड़ी रोड (एमआर-27) तक 30 मीटर चौड़ी सडक़।
- पिपलीनाका से गढक़ालिका मंदिर और ओखलेश्वर श्मशान तक 45 मीटर चौड़ी सडक़।

### इसलिए खास है यह योजना

- सिंहस्थ 2028 के दौरान यातायात दबाव कम करने में मदद।
- प्रमुख मंदिरों और घाटों तक सुगम पहुंच।
- 4 लेन और 6 लेन सडक़ों से शहर के प्रवेश और निकास मार्ग होंगे मजबूत।
- भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया रोड नेटवर्क।

# उज्जैन में लगातार बढ़ रही बिजली कनेक्शन की संख्या, 3.53 लाख से ऊपर पहुंची

## 1 साल में 1.73 लाख से अधिक नए बिजली उपभोक्ता जुड़े



**जागरण उज्जैन।** प्रदेश का मुख्य धार्मिक शहर उज्जैन लगातार अपनी सीमा को तो बढ़ा ही रहा है, यहां पर संसाधनों की भी भरमार है। साथ ही बीते 12 महीनों में बिजली के 1 लाख 73 हजार नए उपभोक्ता जिले में बढ़ गए हैं। बिजली कंपनी ने हाल ही में सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए कई ग्रिड की क्षमता बढ़ाने का प्लान बनाया है।

मप्र पश्चिम बिजली कंपनी द्वारा कैलेंडर वर्ष 2025 में 1.77 लाख नए बिजली कनेक्शन जारी किए गए हैं। यह पिछले वर्ष से करीब सात हजार ज्यादा हैं। उज्जैन राजस्व संभाग में 3 लाख 53 हजार 950 बिजली कनेक्शन जारी हो चुके हैं। पिछले बारह माह के दौरान उज्जैन जिले में 1 लाख 73 हजार से अधिक कनेक्शन जारी हुए हैं। इनमें से उज्जैन शहर में करीब 1 लाख 30 हजार एवं देहात में 2 लाख 82 हजार से ज्यादा कनेक्शन विद्यमान हैं। उज्जैन जिले में कृषि श्रेणी के ही 64 हजार 358 कनेक्शन हैं। प्रबंध निदेशक अनूपकुमार सिंह ने बताया कि इंदौर के बाद सबसे ज्यादा कनेक्शन उज्जैन जिले में 17300 जारी हुए हैं। 11000 कनेक्शनों के साथ रतलाम जिले में भी तीव्र वृद्धि दर्ज हुई है। धार जिले में 10950, देवास जिले में 9586 नए कनेक्शन वर्ष 2025 में जारी किए गए हैं। सिंह ने बताया कि वर्तमान में मालवा-निमाड़ में घरेलू, गैरघरेलू, कृषि, औद्योगिक इत्यादि श्रेणी के कुल 62 लाख बिजली उपभोक्ता हैं। आगामी सिंहस्थ को देखते हुए शहर में कई जगह 33 केवी ग्रिड की बिजली वितरण क्षमता को 5 एमवीए की और वृद्धि करने की योजना बनाई जा रही है।

# बादलों के कारण रात के तापमान में साढ़े 4 डिग्री की बढ़त, लेकिन ठंड में कोई कमी नहीं

## आज सुबह से छाए घने बादल, सुबह 8 बजे तक कोहरा भी छाया रहा

**जागरण उज्जैन।** उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी और वहीं से बहकर आ रही हवाएं शहर की फिजा में ठंडक घोल रही हैं। वहीं आज सुबह फिर बादल छाए और कोहरा नजर आया। इसके कारण रात के तापमान में साढ़े 4 डिग्री की बढ़त दर्ज की गई। ठंड की चुभन सुबह भी बरकरार रही। आज तथा कल मावठे की संभावना भी जताई जा रही है।



वेधशाला स्थित मौसम केंद्र के मुताबिक कल दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री रहा, वहीं रात से सुबह के बीच न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहा, लेकिन आज सुबह बादल छाने के बाद इसमें साढ़े 4 डिग्री का उछाल आया और यह 15.5 डिग्री पर पहुंच गया। हवाओं की अधिकतम रफ्तार 10 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंची। सुबह हल्का कोहरा छाया नजर आ रहा था। इधर मौसम विभाग ने आज से लेकर 2 फरवरी तक मावठे की संभावना जताई है। वहीं धूप निकलने के बाद फिर से न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी जिससे ठंड और बढ़ जाएगी।

### आज और कल बारिश के आसार

प्रदेश के कई हिस्सों में अभी बारिश से लेकर ओलावृष्टि तक की स्थिति बन रही है। मौसम केंद्र द्वारा कल जारी किए गए अगले 5 दिनों के पूर्वानुमान में आज तथा कल उज्जैन सहित प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। इससे तापमान में एक बार फिर कमी आने की संभावना है। इसके बाद मौसम फिर खुलेगा और तापमान बढ़ेगा।

## बकायादारों के बैंक खाते फ्रीज कराने की तैयारी में बिजली कंपनी

**उज्जैन।** अब बिजली बिल बकाया छोड़कर शहर या - राज्य बदल लेने वालों को बचने का कोई रास्ता नहीं बचा है। पश्चिम क्षेत्र विद्युत - वितरण कंपनी ने पुराने और बड़े बकायादारों पर शिकंजा कसते हुए डिजिटल निगरानी, मुखबिर तंत्र और - बैंकिंग समन्वय के जरिए सख्त वसूली अभियान शुरू कर दिया है।

**शहर छोड़कर बाहर गए उपभोक्ताओं से भी होगी वसूली**

इस हाईटेक कार्रवाई में अब तक लगभग 100 ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान की जा चुकी है, जिन्होंने उज्जैन छोड़ दिया है, लेकिन लाखों रुपए का बकाया छोड़ गए हैं। सबसे ज्यादा बकायादार पुराने शहर के इलाकों में हैं। वहीं जिले में एक हजार बकायादार सामने आए हैं। विभाग के अधिकारी शहर और जिले में जो पुराने कनेक्शन, आधार-पैन लिंक, मोबाइल नंबर, बैंक खातों और भुगतान इतिहास का विश्लेषण कर रही है। डिजिटल रिकॉर्ड से यह पता लगाया जा रहा है कि उपभोक्ता वर्तमान में किस शहर, राज्य और बैंक खाते से जुड़े हैं। मुखबिर तंत्र से यह भी जानकारी जुटाई जा रही है कि कहीं बकायादार किसी अन्य पते पर नया कनेक्शन तो नहीं चला रहे। उल्लेखनीय है कि जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से भारी बकाया है, उनके खिलाफ खाते फ्रीज कराना, वेतन अटैचमेंट और कानूनी नोटिस जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, कई मामलों में बकाया राशि ब्याज और पेनल्टी जोड़ने के बाद लाखों रुपये तक पहुंच चुकी है।

## गायकवाड मित्र मंडल ने किया महंत महावीर नाथ महाराज का अभिनंदन



**जागरण उज्जैन।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवींद्र पूरी ने ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के गादीपति महंत महावीर नाथ महाराज को उज्जैन संभाग का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।संस्थापक अध्यक्ष श्री आण्णासाहेब गायकवाड एवं प्रांजली ने जानकारी देते हुए बताया कि नई जिम्मेदारी मिलने पर महाराष्ट्र स्थित आण्णासाहेब गायकवाड मित्र मंडळ द्वारा नव-नियुक्त संभागीय अध्यक्ष महंत महावीर नाथ महाराज का भव्य स्वागत किया गया। मंडळ के सदस्यों ने उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महंत महावीर नाथ महाराज ने कहा कि अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवींद्र पूरी द्वारा सौंपा गया यह दायित्व उनके लिए गौरवपूर्ण है।

## सवा लाख से अधिक की आबादी वाले नागदा को उपभोक्ता फोरम की दरकार

**जागरण नागदा ।** सवा लाख से अधिक की आबादी को पार कर चुका हमारा शहर नागदा जो लंबे समय से जिला बनने की कगार पर भी खड़ा है लेकिन इतने बड़े शहर में उपभोक्ता फोरम की दरकार है, बड़ी आबादी वाले शहर में उपभोक्ता फार्म में शिकायत हेतु नागरिकों को उज्जैन का सफर करना पड़ता है ।

दरअसल रोजाना किसी ने किसी मामले में जब उपभोक्ता के साथ किसी भी प्रकार से अनियमितता सामने आती है तो नागरिकों को शिकायत दर्ज करवाने उज्जैन का सफर तय करना होता है जो कहीं ना कहीं परेशानियों को जन्म जरूर देता है द्य इतना ही नहीं शिकायत दर्ज करवाने के बाद भी एक या दो बार शिकायतकर्ता को उज्जैन जाकर मामले की सुनवाई व निपटान का इंतजार भी करना परेशानियों का सबब जरूर है शहर के नागरिकों की परेशानी को दूर करने हेतु वरिष्ठ अभिभाषक संतोष साहू के द्वारा महीने में एक या दो दिन तहसील कार्यालय में उपभोक्ता फोरम कैंप लगाने की मांग की गई है जिससे लोगो को को सुविधा मिल सके।

इस हेतु अभिभाषक साहू द्वारा मीडिया के माध्यम से एसडीएम रंजना पाटीदार को भी अवगत करवा दिया गया है साथ ही संभाग आयुक्त आशीष सिंह से भी उक्त मामले में चर्चा की गई है उन्होंने भी नागरिकों की परेशानी को गंभीरता से समझ कर जल्द ही समस्या का हल करवाने की बात स्वीकार की है द्य पूरी सम्भावना है की नागरिकों की सुविधा एवं जागरूकता हेतु उपभोक्ता फोरम का कैंप शहर में शुरू हो जाएगा ।

## पूजा अर्चना के साथ धूमधाम से मनाया श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव, निकला चल समारोह



जागरण नागदा । पांचाल समाज की अगवानी में आराध्य देव श्री विश्वकर्मा का जन्मोत्सव पूजा अर्चना के बाद धूमधाम से मनाया गया द्य इसके पूर्व चल समारोह भी मुख्य मार्गो से निकाला गया समापन सम्मान व महाप्रसादी के साथ किया गया द्य

शनिवार को पांचाल समाज द्वार श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह 8ः00 बजे विश्वकर्मा मंदिर पर पूजन पाठ एवं हवन किया साथ ही इसके बाद विश्वकर्मा मंदिर से होकर एक चल समारोह का आयोजन किया गया द्य जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे पुरूष और वरिष्ठ जन शामिल हुए रास्ते में जगह-जगह कई सामाजिक संस्थाओं और नगर पालिका अध्यक्ष और राजनीतिक संस्थाओं द्वारा स्वागत किया गया द्य जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।बच्चों ने खूब नाच गाना कर अपने भगवान आराध्य देव विश्वकर्मा जी का चल समारोह पर निकला उसके बाद धर्मशाला में सभी का महाप्रसादी के साथ संपन्न हुआ द्य आयोजन में मंच पर विधायक डॉ तेजबहादुर सिंह चौहान, पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ मौजूद रहें द्य कार्यक्रम का संचालन सुनील पांचाल अशोक पंचाल ने किया, और बाकी सभी समिति के सदस्य जिसमें वरिष्ठ मोहनलाल पांचाल, गोपाल पांचाल,बद्रीलाल पांचाल, डॉक्टर गोवर्धन पांचाल, शिवनारायण पांचाल,कचरू पांचाल, राजेश पांचाल, दीपक पांचाल,प्रभु लाल पांचाल, सत्यनारायण पांचाल, जीतेन्द्र पांचाल, घनश्याम पांचाल,बालेश्वर पांचाल संजय पांचाल, मनीष पांचाल, सुमित पांचाल,चीनू सांखला सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया द्य आभार विश्वकर्मा समिति के अध्यक्ष जगदीश पांचाल ने माना ।

## 14वाँ मनाली विन्टर कार्निवाल में उज्जैन का दल प्रथम



**उज्जैन।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उज्जैन के कलाकारों द्वारा संस्था हरि हरानन्द शौर्य कला सांस्कृतिक सामाजिक शिक्षण एवं शोध संस्थान के तहत मनाली (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित 14वाँ नेशनल मनाली विन्टर कार्निवाल में 8 विधाओं में प्रस्तुतियाँ दी गई। जिसमें उज्जैन के दल ने फेन्सी ड्रेस में प्रथम और नाटक में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसमें कलाकार शिरिष सत्यप्रेमी, राम तम्बोली, आदर्श धानोका, आयुष जाट, विजय, राहुल गोड, करन, विकास जाट, शयन, तनीषा कुन्डलेचा, आकृति गुप्ता, रशिदा दरबार, तसमीन बुरहानी, निधि जोशी, नमीता व्यास, राजश्री अग्निहोत्री ने प्रस्तुति दी। यह जानकारी संस्था अध्यक्ष शिरिष सत्यप्रेमी ने दी।

## आपके अपने रेडियो दस्तक 90.8 एफएम का आठवें वर्ष में प्रवेश

**जागरण उज्जैन।** सात साल पहले उज्जैन में पहले कम्युनिटी रेडियो की शुरूआत की गई थी। जिसे आप सभी नगरवासियों का भरपूर स्नेह और साथ मिला। जनसंचार के क्षेत्र में निरंतर सेवा देते हुए रेडियो दस्तक 90.8 एफएम अपने आठवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस अवसर को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए, रेडियो दस्तक द्वारा रविवार, 1 फरवरी 2026 को एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो जनहित को ध्यान में रखते हुए लगाया जा रहा है।

यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक भारतीय ज्ञानपीठ परिसर, माधव नगर, रेलवे स्टेशन के सामने, उज्जैन में आयोजित होगा। शिविर में आमजन को एलोपैथिक, आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक पद्धतियों के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जाएँगी।

चिकित्सा शिविर में आयुष परामर्श, नेत्र परीक्षण, दंत परीक्षण, रक्तचाप जाँच, पंचकर्म सहित अन्य स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श की सुविधाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएँगी। अनुभवी चिकित्सकों की उपस्थिति में यह शिविर आमजनों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास है। रेडियो दस्तक 90.8 एफएम प्रबंधन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाएँ और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहभागी बनें।

इस जनहितकारी आयोजन में संपूर्ण सोडानी डायग्नोस्टिक क्लिनिक, एएसजी आई हॉस्पिटल, स्माइल केयर डेंटल क्लिनिक एंड किड्स केयर, आयुर्वेद पंचकर्म केंद्र (डॉ. विनोद वैरागी) तथा आयुष विभाग, उज्जैन का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## कैरियर मेले का सफल समापन, विद्यार्थियों को मिला विशेषज्ञों का मार्गदर्शन




**जागरण खाचरोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटलावदी मैं आयोजित पांच दिवसीय करियर मेले का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस करियर मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी देना एवं उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना था। मेले में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं भाग लिया। करियर मेले के दौरान शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी, मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, आईटी, स्वरोजगार एवं कौशल विकास से जुड़े विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता और लक्ष्य के अनुसार करियर चुनने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, विभिन्न कोर्स, प्रवेश परीक्षाओं, छात्रवृत्तियों एवं रोजगार के अवसरों पर भी प्रकाश डाला गया।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर मनोज विश्वकर्मा ने कहा कि आज के समय में सही करियर का चुनाव अत्यंत आवश्यक है। ऐसे करियर मेले विद्यार्थियों को भ्रम से बाहर निकालकर सही मार्ग दिखाने का कार्य करते हैं। उन्होंने केरियर मेले की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉक्टर विश्वकर्मा ने मेडिकल में करियर बनाने संबंधी जानकारी विस्तृत रूप से छात्र छात्रों को प्रदान की । अंत में सभी आगंतुकों, विशेषज्ञों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अमृत लाल मईडा ने किया एवं आभार प्रभारी दिलीप वर्शी ने माना। उक्त जानकारी मेला प्रभारी सुनील कुमार सोनावा ने दी।

# बिंगो मेड एंगलस के पैकेट में निकली चूहे की शिट जनस्वास्थ्य को हो रहा नुकसान

## फूड एन्ड सेफ्टी विभाग के साथ उपभोक्ता फोरम तक पहुंची शिकायत

**जागरण नागदा ।** टीवी विज्ञापन के बड़े बड़े प्रचार के माध्यम से लोगो के घर तक पहुंचने वाला बिंगो मेड एंगलस के अचारी मसाला पैकेट में चूहें की शिट (लेंडी ) निकलने का मामला सामने आया है द्य कंपनी की इस गंभीर लापरवाही से जनस्वास्थ्य को बड़ा नुकसान हो सकता है इसके बचाव और जागरूकता के लिए जागरूक नागरिक ने फूड एन्ड सेफ्टी विभाग के साथ साथ उपभोक्ता फोरम में भी शिकायत दर्ज करवाई है ।




दरअसल गुरुवार शाम 7.15 बजे ओझा कॉलोनी निवासी प्रमोद शुक्ला की बेटी आस्था ने जवाहर मार्ग स्थित एक दुकान से बिंगो मेड एंगल्स अचारी मसाला के दो पैकेट खरीदे थे घर ले जाकर जब पैकेट खोल कर देखा तो एक पैकेट में चूहे की सीट(लेंडी) निकली इसके बाद जन स्वास्थ्य को ध्यान मैं रखते हुए और लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से कंपनी की इस बड़ी लापरवाही को उजागर करते हुए शुक्रवार को इस मामले की शिकायत एसडीएम रंजना पाटीदार को की गई जिसके बाद उन्होंने फूड एंड सेफ्टी विभाग को इस मामले में कार्रवाई हेतु जानकारी दे दी है विभाग ने भी माना के इस तरह के लापरवाही से लोगों के जन स्वास्थ्य को बड़ा खतरा हो सकता है और सबसे बड़ी बात यह भी है कि पैकेट में बंद वेफर्स, कुरकुरे यह सब चीज अधिक मात्रा में बच्चे भी खाते हैं ऐसी लापरवाही से बच्चों के स्वास्थ्य को भी बड़ा नुकसान हो सकता है इसलिए इस मामले की शिकायत उपभोक्ता फोरम में भी दर्ज करवाई जा रही है द्य इसके साथ ही उपरोक्त लापरवाही के लिए कंपनी के कस्टमर केयर नंबर पर भी शिकायत दर्ज करवा दी गई है ।

### लापरवाही के बाद प्रलोभन

जागरूक नागरिक द्वारा जगदीश बड़ी लापरवाही की शिकायत कंपनी के कस्टमर केयर नंबर पर की गई तो कंपनी के कर्मचारियों ने फोन कर यह कहा कि आपका पैकेट ख़राब निकाला है तो हम आपके घर 50 वाला पैकेट रिप्लेस हेतु भिजवा रहे हैं अब कंपनी की यह पॉलिसी भी समस्या पर है कि एक और कंपनी लापरवाही कर रही और दूसरी ओर अपनी लापरवाही को दबाने के लिए प्रलोभन भी दे रही यानी जन स्वास्थ्य से कंपनी का कोई लेना-देना ही नहीं है?

## कैथोलिक चर्च में विश्व शांति दिवस पर अंतरधार्मिक शांति संदेश कार्यक्रम आयोजित




**जागरण उज्जैन।** देवास रोड स्थित कैथोलिक चर्च में विश्व शांति दिवस एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर महामहिम संत पापा लियो चौदहवें के 59वें विश्व शांति दिवस संदेश विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक अस्त्रहीन और निश्शस्त्रीकरण करती शांति की ओर संदेश को समाज तक पहुँचाना रहा।

इस अवसर पर उज्जैन शहर के विभिन्न धर्मों के पूज्य प्रतिनिधिगण सम्मानीय आर्च बिशप सेबेस्टियन वडक्केल, पंडित श्री नारायण उपाध्याय जी, जनाब हाजी मुल्ला कुतुब फातिमी जी, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी जी, शहर काजी जनाब खलीकुर्रहमान जी, महंत डॉ. रामेश्वर दास जी तथा पंडित राघव दास जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति और प्रेरक विचारों से कार्यक्रम को यादगार बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई।

तत्पश्चात महात्मा गांधी जी को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया तथा सिख समाज स्वर्गीय श्री सुरेंद्र जी अरोड़ा को श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में सेंट मेरी सी.से. स्कूल की छात्राओं द्वारा प्रार्थना नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। एडवोकेयर फादर जिजो थॉमस प्लैचरिल ने अतिथियो का स्वागत किया। आर्च बिशप सेबेस्टियन वडक्केल ने संत पापा लियो के संदेश का संक्षिप्त रूप हिंदी में पढ़ा और कहा कि अस्त्रों से शान्ति की स्थापना नहीं होती , पंडित श्री नारायण उपाध्याय जी ने कहा कि भारत शुरू से शान्ति का देश हे और हमेशा होना भी चाहिए जनाब हाजी मुल्ला कुतुब फातिमी जी का कहना हे कि हमे भाईचारे की खुशबू फैलाना हे।

# गर्दन कटवानी पड़े तो कटवाएगें पर नहीं होने देंगे लोकतंत्र की हत्याः यादवेंद्र सिंह

## कांग्रेस ने मुंगावली विधानसभा में फर्जी तरीके से वोटर लिस्ट से नाम कटवाने का लगाया आरोप

**जागरण अशोकनगर।**

शनिवार को कांग्रेस प्रदेश महा सचिव यादवेंद्र सिंह यादव ने कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर आरोप लगाया है कि जिले में भाजपा के लोगों द्वारा फर्जी तरीके से झूठी शिकायतों कराकर अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति और जनजाति के वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से कटवाने का षडयंत्र रचा जा रहा है। इस दौरान यादवेंद्र सिंह यादव ने दस्तावेजों सामने रखे और आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।



हम अपनी गर्दन कटवा देगें पर नाम नहीं कटने देगें। हम लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देगें। यादवेंद्र यादव ने बताया कि बड़ी संख्या में मतदाताओं के के नाम कटवाने फर्जी तरीके से आपत्तियां लगवाई जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के कार्यकर्ताओं को दो तरह की लिस्टें दी गई हैं जिनमें एक में उन लोगों के नाम हैं जिनके नाम काटने के लिए आपत्ति लगानी है ओर दूसरी में उन लोगों के नाम है जिनके नाम से आपत्ति लगानी है। उन्होंने बताया कि हमने उन लोगों से बात की जिनके नाम से आपत्ति लगाई गई हैं। जब हमने उनसे पूछा कि भैया आपने झूठी आपत्ति क्यों लगाई तो उन्होंने बताया कि हमने कोई आपत्ति नहीं लगाई न ही आपत्ति वाले फॉर्म पर हमारे हस्ताक्षर हैं। मुंगावली विधानसभा के कर्र और चिरमास अचलगढ़ मढ़ी बुजुर्ग, फुटेरा गांव में 100-100 लोगों के नाम कटवाने लगवाई आपत्ति लगाई गई है।

उनका आरोप था कि बीएलओ भाजपा के दबाव में आकर काम कर रहे है। पूरे जिले में हजारों मतदाताओं पर इस तरह आपत्तियां लगी है जबकि जिन लोगों के नाम से आपत्ति लगाई गई हैं वे कह रहे हैं कि हमारे फर्जी हस्ताक्षर कर आपत्तियां लगाई गई हैं। शिकायत करने वालों ने कबूला किसी और के द्वारा फर्जी तरीके से हमारा नाम, मोबाइल नम्बर लेकर शिकायत की गई है। यादवेंद्र सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस निर्वाचन आयोग, कलेक्टर और एसडीएम से शिकायत करने तो करेगी ही साथ ही झूठी शिकायतें करने वालों पर एफआईआर भी कराएगी। पत्रकारवार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह, विधायक इंजी. हरिबाबू राय, अशोक शर्मा, पार्षद रीतेश जैन उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### बनयाई में स्कूल एवं खेल मैदान से हटाया गया अतिक्रमण

**जागरण अशोकनगर।** तहसीलदार अशोकनगर के प्रकरण क्रमांक 50, 51/अ 68/2025-26 से ग्राम बनयाई स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 182 में 0.945 हेक्टेयर शासकीय स्कूल एवं खेल मैदान पर से मुकेश पुत्र भैयालाल कुशवाह, कमल सिंह पुत्र लालाराम कुशवाह, राजाराम पुत्र भागचंद कुशवाह, कैलाश पुत्र दिमान सिंह कुशवाह, दशरथ पुत्र सुखलाल कुशवाह, गणेशराम पुत्र भागचंद कुशवाह द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई शासकीय भूमि का बाजार मूल्य लगभग 42 लाख रुपए है।

### सत्यार्थी सेवा समिति ने बांटे कंबल

**अशोकनगर।** इस सर्दी में ठंड से बचने के लिए सत्यार्थी सेवा समिति द्वारा राजमाता चौराहे गुना रोड़ पर रोजीरोटी कमाने के लिए बाहर से आए लोगों को सामान वितरण किया साथ ही की अन्य जगहों पर जा कर कंबल बांटे। इस अवसर पर सत्यार्थी सेवा समिति की संरक्षक डॉ. वर्षा बड़कुल, अध्यक्ष दर्शित बड़कुल, दीपक आदि उपस्थित थे।

कार्यालय तहसीलदार तहसील अशोकनगर ( म.प्र. )
क्र./री-1/2026/231 अशोकनगर दिनांक 28/01/2026
// विज्ञप्ति //
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बालाबाई पत्नि जानकीलाल कुशवाह निवासी शंकर कालोनी अशोकनगर ने अपनी मां कंचनबाई पत्नी मंगल सिंह कुशवाह की मृत्यु दिनांक 27/04/2021 को होना बताया है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसमें किसी भी हितग्राही को कोई आपत्ति हो तो वह कार्यालय तहसीलदार तहसील अशोकनगर में उपस्थित होकर दिनांक 10/02/2026 तक प्रस्तुत करे। बाद म्याद गुजरने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह विज्ञप्ति पत्र दिनांक 28/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया है।
तहसीलदार
तहसील-अशोकनगर

## 501 सामूहिक सुन्दरकांड पाठ भक्तिमय माहौल में संपन्न



**जागरण ईसागढ़।** हिन्दू उत्सव समिति हनुमानगढ़ के तत्वाधान में आयोजित प्रथम 501 सामूहिक सुन्दरकांड पाठ का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी, मानस प्रेमी एवं सनातनी भक्तों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वातावरण जय श्रीराम एवं जय बजरंगबली के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। सुन्दरकांड पाठ के उपरांत भजन-कीर्तन, हनुमान जी की महाआरती तथा प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने सहभाग लिया। कार्यक्रम में हिन्दू उत्सव समिति के सभी सदस्यों के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई। आयोजक कीर्ति अग्रवाल ने बताया कि हिन्दू उत्सव समिति वर्षों से निरंतर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से सनातन संस्कृति के संरक्षण व प्रचार का कार्य कर रही है। समिति की सक्रिय टीम द्वारा प्रभात भेरी सहित अनेक धार्मिक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहे हैं।

## नपा ने शुरू किया अवैध नलों के विरुद्ध विशेष अभियान

**जागरण अशोकनगर।** नगरपालिका द्वारा जलकर की बकाया वसूली एवं अवैध नलों की जांच के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत वसूली कर्मचारियों की दो टीमें गठित की गई हैं। जो प्रतिदिन विभिन्न वार्डों में जाकर नलों की जांच कर रही हैं। जांच के दौरान जहां अवैध नल पाए जा रहे हैं वहीं वैध नलों की बकाया राशि जमा नहीं होने की स्थिति में नल कनेक्शन काटे जा रहे हैं। वसूली दल में संबंधित वार्ड प्रभारी के साथ प्लंबर कर्मी भी शामिल किए गए हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर मौके पर ही नल काटने की कार्रवाई की जा सके। नगर निकायों को आत्मनिर्भर बनाने एवं आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से शासन द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में सीएमओ विनोद उन्नीतान ने विगत दिवस बैठक आयोजित कर सभी कर्मचारियों को कड़ाई से बकाया वसूली करने के निर्देश दिए। नगरपालिका द्वारा बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपनी बकाया जलकर राशि शीघ्र जमा करें, ताकि किसी प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके।

## भविष्य योजना को लेकर दी जानकारी



### शासकीय हाईस्कूल राजतला में कैरियर काउंसलिंग मेला

**जागरण अशोकनगर।**

शासन के निर्देशानुसार शासकीय हाई स्कूल राजतला में भी कक्षा 9 एवं 10 के बच्चों को करियर काउंसलिंग के माध्यम से आगे भविष्य के लिए क्या योजना बनाएं कैसे बनाएं तथा किस क्षेत्र में जाए इन सभी चीजों के समझाने के लिए करियर काउंसलर विनोद कुमार शर्मा द्वारा बच्चों को विस्तार से बताया गया। इसमें उन्होंने अपना करियर बनाने के लिए बहुत सी बात बताएं जैसे पॉलिटेक्निक से विभिन्न प्रकार की ट्रेड में डिप्लोमा करना आईटीआई करना नर्सरी शिक्षक ब्यूटी पार्लर डीएड, बीएड खेल शिक्षक,अधिकारी बनने के लिए अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार अपने विषय एवं क्षेत्र का चयन करना मुख्य कार्य होता है जितने अपनी क्षमता हो तथा अपनी रुचि हो इस क्षेत्र में अपना करियर बनाने के लिए मेहनत करना चाहिए और जब आप पूर्ण मनी योग से उस क्षेत्र में लगन से मेहनत करोगे तो निश्चित आपका कैरियर ब्राइट रहेगा और आप सफलता प्राप्त करेंगे। इसी प्रकार दूसरे काउंसलर सचिन रघुवंशी ने कंप्यूटर के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए कई डिप्लोमा के बारे में बच्चों को बताया शिक्षक गोविंद नारायण शर्मा द्वारा विज्ञान विषय के साथ आगे बढ़ाने के लिए बीएससी नर्सिंग पैथोलॉजीए मेडिकल आदि क्षेत्र में विस्तृत संभावना के लिए बच्चों का मार्गदर्शन किया। कैलाश सिंह सिंह चंदेल द्वारा योग के क्षेत्र में भी कई डिप्लोमा प्राप्त करने की बारे में बताया पुलिस विभाग से राजेंद्र पाठक द्वारा पुलिस और सुरक्षा देश सुरक्षा में अपनी सेवा किस प्रकार अपने दे सकते हैं और कैसी तैयारी करना चाहिए शारीरिक फिटनेस और कंपटीशन की तैयारी कैसे करें इसका पर विस्तार से उन्होंने बच्चों को मार्गदर्शन ने दिया।

## संस्कृति विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया अनुग्रह पर्व

**जागरण अशोकनगर।**

शहर के सीबीएसई सम्बद्ध संस्कृति विद्यालय में विगत दिवस धूम धाम के साथ कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह-अनुग्रह पर्व आयोजित किया गया। कल्चर ए करैक्टर और करियर के अपने बुनियादी मूल्यों का अनुकरण करते हुए विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षाविद कला मोहन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।




मुख्य अतिथि ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए उनका विविध प्रकार से मार्गदर्शन किया। युवाओं में मोबाइल के बढ़ते हुए प्रचलन पर अपनी चिंता जताते हुए उन्होंने बच्चों को समझाया कि किसी भी चीज कि अति ही अंततः उसकी क्षति का कारण बनती है अतः बच्चों को समय का सदुपयोग करते हुए अच्छी पुस्तकों को ही अपना मित्र बनाना चाहिए। स्क्रीन टाइम घटाना चाहिए। अपने परिवार जनों और बडों का सदैव सम्मान करना चाहिए। इससे पूर्व यातायात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर स्नेहा ठाकुर, प्राचार्य इंदरपाल कौर एवं निदेशक देवेंद्र सिंह के साथ मिलकर मुख्य अतिथि कला मोहन ने विद्यालय संस्थापक साधु सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं दीप प्रज्वलित कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्राचार्या इंदरपाल कौर ने भी इस अवसर पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय में उनके द्वारा बिताये गए वर्षों की खट्टी-मीठी यादें उनके साथ साझा कीं, साथ ही बच्चों को विश्वास दिलाया कि संस्कृति विद्यालय के दरवाजे सदैव बच्चों के लिए खुले हुए हैं। जब कभी भी उन्हें किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन की आवश्यकता हो वे विद्यालय आ सकते हैं। निदेशक देवेंद्र सिंह ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आर्शीवचन कहे। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये और कक्षा बारहवीं कि विशुद्धी जैन एवं निविध जैन ने समस्त विद्यार्थियों की और से विद्यालय एवं शिक्षकों का आभार माना। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### किसान कल्याण वर्ष की शुरूआत जागरूकता बाइक रैली निकाली

**शिवपुरी।** वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने की शुरुआत शिवपुरी जिले में उत्साह और सम्मान के साथ हुई। किसानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने, शासकीय योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुँचाने और कृषि जागरूकता का माहौल बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने भव्य मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया। रैली को जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि हरवीर सिंह रघुवंशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का नेतृत्व पानसिंह करोरिया, उप संचालक सह परियोजना संचालक (आत्मा) ने किया। इस दौरान जिले के कई प्रगतिशील और नवाचारी किसान, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा युवा कृषक बड़ी संख्या में शामिल हुए। मोटरसाइकिल रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बस स्टैंड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों तक पहुंची, जहां किसानों के हित में संचालित योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकारी सहायता कार्यक्रमों का संदेश दिया गया। रैली का समापन जिला कार्यालय परिसर में हुआ। इस आयोजन ने न केवल किसान कल्याण वर्ष की औपचारिक शुरुआत की, बल्कि यह संदेश भी दिया कि कृषि और किसान प्रदेश की प्राथमिकता हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि वर्षभर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को योजनाओं से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने, तकनीकी ज्ञान देने और आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में आगे बढ़ाया जाए।

## पीएम आवासों का पानी रोका, ठेकेदार ने मोटर निकाली तो भड़के लोग

### नपा ने वाहन जब्त किया एफआईआर की चेतावनी

**जागरण, शिवपुरी।** मेडिकल कॉलेज के पीछे पीएम आवास योजना की कॉलोनी में शनिवार को पानी की सप्लाई बंद होने पर जमकर हंगामा हुआ। बकाया भुगतान न होने से नाराज प्रोजेक्ट के ठेकेदार ने अपने कर्मचारियों को भेजकर बोरवेल की मोटर निकलवा दी। इससे गुस्साए रहवासी सड़कों पर उतर आए। सूचना मिलते ही नगर पालिका सीएमओ ईशांत धाकड़ और अध्यक्ष गायत्री शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने मोटर ले जा रहे वाहन को जब्त कर मोटर दोबारा लगवाई और सप्लाई शुरू करवाई।

ठेकेदार के कर्मचारी जब मोटर निकाल रहे थे, तभी नपा अमला पहुंच गया। दोनों पक्षों में मौके पर तीखी कहासुनी हुई। नपा अधिकारियों ने सख्ती दिखाते हुए कर्मचारियों को मोटर ले जाने से रोका और उसे वापस बोरवेल में डलवाया, तब जाकर मामला शांत हुआ।



### डेढ़ करोड़ पुराना और 6 करोड़ नया बिल बाकी

प्रोजेक्ट में ठेकेदार की ओर से काम कर रहे विजय राय ने बताया कि नगर पालिका पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये का पुराना बकाया है, जबकि 5 करोड़ 85 लाख रुपये का नया बिल भी लंबित है। भुगतान न होने से कर्मचारियों और सप्लायरों को पैसा नहीं दिया जा पा रहा है। कंपनी पर लगातार दबाव है, जबकि फिलहाल रहवासियों के लिए पानी-बिजली का खर्च कंपनी ही उठा रही है।

### 2017 से अधूरा है प्रोजेक्ट पहले ही दे दी चाबी

यह प्रोजेक्ट वर्ष 2017 में शुरू हुआ था, जिसमें 1030 आवास बनने थे, लेकिन अब तक 660 ही बन पाए हैं। नगर पालिका ने राजस्व के चक्कर में काम पूरा होने से पहले ही लोगों को चाबियां सौंप दीं और सुविधाओं का आश्वासन दे दिया। यहां करीब 500 परिवार रह रहे हैं, जो मूलभूत सुविधाओं के लिए अस्थायी इंतजामों पर निर्भर हैं।

### शादियां हैं, पानी बंद हुआ तो बेइज्जती होगी

कॉलोनी निवासी ज्योति धाकड़ ने बताया, वर्तमान में करीब 500 परिवार यहां निवास कर रहे हैं। हर आठ दिन में पानी और लाइट को लेकर परेशानी खड़ी हो जाती है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि बोरवेल की मोटर नगर पालिका की है या ठेकेदार की। फरवरी में कई घरों में शादियां हैं, ऐसे में बिजली-पानी बंद होना सामाजिक मान-सम्मान पर भी असर डालेगा। सुरक्षा व्यवस्था भी बदहाल है, चोरी की घटनाएं होती रहती हैं।

### सीएमओ बोले- ठेकेदार पर कराएंगे एफआईआर

नगर पालिका सीएमओ ईशांत धाकड़ ने कहा, सूचना मिली थी कि ठेकेदार ने पानी की सप्लाई बंद कर दी है। मौके पर पहुंचने पर बोरवेल की मोटर निकाली जा रही थी, जिसे रुकवाकर दोबारा लगवाया गया है। ठेकेदार और उनके लोगों के खिलाफ न्यूसेंस फैलाने और शासकीय कार्य में बाधा की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## शिक्षक पर रेप का केस दर्ज ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**जागरण, शिवपुरी।** खोड़ चौकी क्षेत्र में एक शासकीय शिक्षक पर दुष्कर्म का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन अब ग्राम पंचायत और ग्रामीणों ने शिक्षक को निर्दोष बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। परिजन और ग्रामीण शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और जांच पूरी होने तक गिरफ्तारी पर रोक लगाने की अपील की।

मामले में 35 वर्षीय पीड़िता ने आरोप लगाया कि वीरा गांव के शासकीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षक चंद्रशेखर राय 26 जनवरी को दोपहर करीब 4 बजे उसके घर पहुंचे थे। उस समय पीड़िता का पति घर पर मौजूद नहीं था। पीड़िता के अनुसार, शिक्षक ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने स्वयं चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्राथमिक जांच की। जांच के बाद, 30 जनवरी को आरोपी शिक्षक चंद्रशेखर राय के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस बीच, आरोपी शिक्षक के पिता सुरेश राय, ग्राम



सरपंच रवि कुमार राय और बड़ी संख्या में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण को लेकर गांव में समाज और ग्रामीणों की एक पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत में सभी पक्षों को सुनने के बाद शिक्षक को निर्दोष माना गया।

पंचायत का मत है कि यह मामला आपसी पैसों के लेन-देन के विवाद से जुड़ा है, जिसे गलत तरीके से दुष्कर्म का रूप देकर दर्ज कराया गया है। ग्रामीणों ने यह भी दावा किया कि जिस दिन की घटना दर्ज कराई गई है, उस दिन शिक्षक गांव में मौजूद नहीं था। इस संबंध में पंचायत में चर्चा और तथ्य भी प्रस्तुत किए गए हैं। सरपंच रवि कुमार राय ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि पंचायत के फैसले और ग्रामीणों की राय को भी जांच में शामिल किया जाए। उन्होंने निष्पक्ष जांच के साथ-साथ जांच पूरी होने तक शिक्षक की गिरफ्तारी पर रोक लगाने की अपील की।

## करैरा सीएचसी में तोड़फोड़-मारपीट मामले में एक और एफआईआर

### शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज

**जागरण, शिवपुरी।** करैरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तोड़फोड़ और मारपीट के मामले में पुलिस ने शनिवार को एक और एफआईआर दर्ज की है। यह घटना खेत पर कब्जे को लेकर हुए विवाद के बाद हुई थी। शनिवार को वार्ड बॉय की शिकायत पर अस्पताल परिसर में हंगामा, गाली-गलौज और शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करैरा के वार्ड बॉय सतीश भगौरिया ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को दोपहर करीब 1 बजे वह ड्यूटी पर थे। इसी दौरान ग्राम रमगढ़ा के कुछ लोगों को पुलिस मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल लेकर आई थी। अस्पताल परिसर में पहुंचते ही दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। आरोप है कि आरोपियों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट की और अपशब्दों का प्रयोग किया। इससे अस्पताल में मौजूद मरीजों और स्टाफ को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मारपीट के दौरान आरोपियों ने अस्पताल की कुर्सियों



को उठाकर एक-दूसरे पर फेंका, जिससे शासकीय संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा। इस घटना का एक वीडियो वायरल हो गया था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग पर कार्रवाई का दबाव बढ़ा, जिसके परिणामस्वरूप शनिवार को इस मामले में अलग से एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने हरिचरण गुर्जर, रामवतार गुर्जर, रामवरन गुर्जर, निहाल गुर्जर, जितेन्द्र गुर्जर, भरत गुर्जर, राजकुमार गुर्जर, हटे सिंह गुर्जर, मेहताब सिंह गुर्जर, राजेन्द्र गुर्जर, जयेन्दर गुर्जर, विकाश गुर्जर और भूपेन्द्र गुर्जर के खिलाफ धारा 324(4), 191(2), 296 बीएनएस और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इससे पहले शुक्रवार को खेत पर कब्जे को लेकर हुई मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज किए गए थे। उस मामले में कुल 15 लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिनमें से 6 को जेल भेजा जा चुका है। अस्पताल में हुई घटना को लेकर यह अलग से एफआईआर दर्ज की गई है।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न, कलेक्टर 8 दिन बाद फिर करेंगे समीक्षा

**जागरण, शिवपुरी।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक गतदिवस कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्टर सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री चौधरी ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के आंकड़ों में पाए गए अंतर को आपसी समन्वय से शीघ्र समाप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं में एनीमिया के प्रभावी प्रबंधन, टीवी रोगियों की एक्स-रे जांच में वृद्धि, आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा एनआरसी में बच्चों के शत-प्रतिशत भर्ती किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा विभागीय उपलब्धियों की पुनः समीक्षा 8 दिवस बाद किए जाने की जानकारी दी गई। बैठक में टीवी रोगियों की एक्स-रे जांच, एनआरसी में भर्ती बच्चों की स्थिति, गर्भवती महिलाओं की चार एएनसी जांच, एनीमिया प्रबंधन, आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर दवाओं की



उपलब्धता, मातृ एवं शिशु मृत्यु, एचडब्ल्यूसी, आयुष्मान कार्ड, एनसीडी एवं टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री चौधरी ने एफसीएम इंजेक्शन की उपलब्धि कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मध्यम एवं गंभीर एनीमिया के प्रभावी प्रबंधन के निर्देश दिए। एएनसी पंजीयन में कम प्रगति वाले क्षेत्र बदरवास के बीसीएम एवं सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता का औसत निकालकर दो दिवस में शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में खनियाधाना विकासखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए गए। साथ ही गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित हितग्राहियों को पोषण आहार समय पर वितरण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय ऋषीश्वर, जिला कार्यक्रम अधिकारी धीरेन्द्र जादौन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनीता पाल, डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. सुनील खंडोलिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रोहित भदकारिया, जिला क्षय अधिकारी डॉ. आशीष व्यास, डीपीएम डॉ. शीतल व्यास सहित सभी विकासखंडों के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, सीडीपीओ, सुपरवाइजर, वीपीएम एवं वीसीएम उपस्थित रहे।

# जागरण गुना

गुना, 1 फरवरी 2026 | चांचौड़ा - राघौगढ़ | www.dainikjagranmpcg.com


### औद्योगिक क्षेत्र इंडस्ट्रीयल में 11 से 2 बजे तक बिजली रहेगी बंद

**गुना** । सहायक प्रबंधक शहर विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 33/11 केव्ही एआईआर सब स्टेशन से निकलने वाले 11 केव्ही इण्डस्ट्रीयल फीडर पर विभागीय कार्य होने से दिनांक 1 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक पुराना आद्योगिक क्षेत्र इण्डस्ट्रीयल का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढ़ाया भी जा सकता है।

### एपीके फाइल खाली कर सकती बैंक खाता

**जागरण, इटारसी।** डिजिटल युग में साइबर अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। हाल ही में सामने आए एपीके फाइल फ्रॉड को लेकर नर्मदापुरम पुलिस ने आम नागरिकों के लिए एक विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि अज्ञात नंबरों से आने वाली फाइलों को डाउनलोड करना आपके मोबाइल का पूरा नियंत्रण अपराधियों के हाथ में सौंप सकता है।

## संक्षिप्त न्यूज

### उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**राघौगढ़।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़ के व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित ट्रेड इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर के छात्र-छात्राओं को एफ डी डी आई गुना में एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण सम्पन्न कराया गया। यह औद्योगिक भ्रमण संस्था के प्राचार्य एस.सी.आर्य के नेतृत्व में हुआ,जिसमें विद्यालय से अकाश शॉ , व्यावसायिक शिक्षक राजू सिंह राजपूत, व्यावसायिक शिक्षक रवि ठाकरे एवं श्रीमति रचना सैनी भी शामिल रहे। सहायक प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा के द्वारा छात्र छात्राओं को फुटवेयर डिजाइनिंग कोर्स एवं इंस्टीट्यूट में उपस्थिति रोबोट तथा अन्य उपकरणों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही सहायक प्रबंधक शर्मा ने छात्रों को विस्तृत जानकारी दी। इस भ्रमण में विद्यालय के 125 छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### बमौरी में खेली जा रही है दो दिनी वालीबॉल स्पर्धा

**जागरण, गुना।** बमौरी क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पूर्व सरपंच स्वर्गीय कमल सिंह किरार की पावन स्मृति में शूटिंग बॉल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को शुभारंभ हो गया है। आयोजकों के मुताबिक यह दो दिवसीय खेल आयोजन काफी रोमांचक होने वाला है, जिसमें मध्य प्रदेश और राजस्थान की प्रतिष्ठित टीमें अपनी चुनौती पेश कर रही हैं। प्रतियोगिता में उकावद, नई सराय, अशोकनगर, बदरवास, शिवपुरी, म्याना, केलवाड़ा, किशनगंज, चंदेरी, जामनेर, लाटरी, डोंगसरा और काडैया हाट जैसी प्रमुख टीमों ने हिस्सा लिया है। दर्शकों के मनोरंजन और खेल के रोमांच को दोगुना करने के लिए मैचों का आयोजन दिन के साथ-साथ दूधिया रोशनी में रात को भी किया जाएगा।

### बीनागंज में 15वें स्क्रीनिंग कैंप में विशेषज्ञों ने की जांच

गुना/बीनागंज। रोटरी क्लब गुना रॉयल एवं रोटरी क्लब गुना के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज में 15वें मेडिकल मिशन स्क्रीनिंग कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में बीनागंज सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए बड़ी संख्या में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। शिविर में जिला अस्पताल गुना के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। इनमें डॉ. अभिषेक गोयल, डॉ. वीरेन्द्र धाकड़, डॉ. राहुल रघुवंशी, डॉ. ज्योति मीणा और डॉ. प्रदीप काश्यप शामिल रहे।

### ऑटो पार्ट्स की दुकान में सेंध लगाने वाला शातिर चोर पकड़ाया

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त नेतृत्व में अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए कोतवाली पुलिस ने चोरी की एक वारदात का महज 24 घंटे के भीतर पदार्फाश कर दिया है। जयस्तंभ चौराहे पर स्थित राहुल ऑटो पार्ट्स की दुकान में हुई सेंधमारी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी थी, जिसे पुलिस टीम ने अपनी तत्परता से नाकाम कर दिया। उल्लेखनीय है कि 28-29 जनवरी की दरम्यानी रात अज्ञात बदमाश ने दुकान की छत का टीन शेड हटाकर गल्ले में रखी करीब 35 हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया था। फरियादी राहुल जैन की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और सीएसपी प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों का ऐसा जाल बुना कि आरोपी सोनू आदिवासी निवासी सिंगवासा बच नहीं सका। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की शेष राशि बरामद कर ली है ।

### ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के गिरोह का भंडाफोड़, 22 सदस्यों पर केस दर्ज

# कार में चला रहे थे सट्टे का कारोबार, आठ आरोपी पकड़े, मोबाइल और नकदी बरामद

**जागरण, गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के नेतृत्व में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुना पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के एक बड़े नेटवर्क को ध्वस्त करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने इस संगठित गिरोह के 22 सदस्यों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से कार, मोबाइल और नकदी सहित लगभग 15 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया गया है।

पुलिस को 29 जनवरी को सूचना मिली थी कि दशहरा मैदान क्षेत्र में एक किया सोनेट कार में कुछ युवक ऑनलाइन सट्टे का हिसाब-किताब कर रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और सीएसपी प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में केंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव की टीम ने तत्काल घेराबंदी कर कार सवार



गुना। आरोन पुलिस ने दबोचे आरोपी।

चार युवकों—दिव्यांशु उर्फ नैना शर्मा, दीपांशु जाट, शुभम साहू और राम गुर्जर को धर दबोचा। जांच करने पर उनके मोबाइल में ऑनलाइन सट्टे की सक्रिय आईडी और लाखों का हिसाब-किताब मिला। ऑनलाइन सट्टे के इस बड़े नेटवर्क को पकड़ने में केंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक बुन्देल सुनीरिया, राहुल शर्मा और उनकी टीम के साथ-साथ साइबर सेल के आरक्षक कुलदीप यादव, नीलेश रघुवंशी सहित अन्य आरक्षकों का योगदान रहा।

#### पूछताछ में हुआ बड़े गिरोह का खुलासा

मुख्य आरोपी दिव्यांशु शर्मा ने पुलिस पूछताछ में कबूल किया कि यह एक संगठित गिरोह है जिसमें सुपर एडमिन, सब एडमिन, मास्टर और एजेंट के रूप में 22 से अधिक सदस्य शामिल हैं। इस खुलासे के बाद केंट पुलिस ने कुल 22 लोगों के विरुद्ध सट्टा अधिनियम और बीएनएस की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया। मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने 30 जनवरी को गिरोह के चार अन्य सदस्यों—नवनीत किरार, अरविंद धाकड़, आशीष सेन और रोहित उर्फ मोन्टी गुप्ता को भी गिरफ्तार कर लिया।

#### 15 लाख का माल जब्त

इस पूरी कार्यवाही में पुलिस ने 10 लाख रुपये कीमत की कार, 5 लाख रुपये के 8 मोबाइल फोन और नकदी जप्त की है। पुलिस गिरोह के फरार अन्य सदस्यों की तलाश में निरंतर दबिश दे रही है। पुलिस का मानना है कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद और भी कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

# शादी के एक साल बाद विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### मायके पक्ष ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

**जागरण, गुना।** जिले की सानई चौकी के अंतर्गत लांबा चक घाटी क्षेत्र में एक 23 वर्षीय महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतिका की पहचान मीता बंजारा, पति सोनू बंजारा के रूप में हुई है। घटना के बाद से ही मायके और ससुराल पक्ष के बीच आरोपों-प्रत्यारोपों का दौर शुरू हो गया है, जिससे मामला संदिग्ध बना हुआ है।



जानकारी के अनुसार, मीता बंजारा ने रात करीब 1 बजे घर के मयार से रस्सी का फंदा बांधकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। चौंकाने वाली बात यह रही कि पोस्टमार्टम के दौरान ससुराल और मायके पक्ष के लोग तो मौजूद थे, लेकिन मृतिका का पति सोनू बंजारा वहां नजर नहीं आया। मृतिका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राघौगढ़ तहसील के नागनपुर निवासी मायके पक्ष का कहना है कि मीता की शादी को अभी मात्र एक साल ही हुआ था और शादी के बाद से ही उसे सास, ससुर और पति द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों का आरोप है कि उन्हें इस बात की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई कि मौत कैसे हुई, वे केवल ससुराल पक्ष के दावों को संदिग्ध मान रहे हैं। मायके पक्ष ने इसे हत्या की साजिश बताते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों ने बताया कि कुछ समय पहले भी विवाद हुआ था, जिसे समाज के लोगों की समझाइश के बाद सुलझा लिया गया था और मीता को वापस ससुराल भेज दिया गया था। विवादों के चलते मीता अक्सर अपने मायके में ही रहती थी। दूसरी ओर, जिला अस्पताल पहुंचे मृतिका के ससुर ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे प्रताड़ना का मामला मानने से इंकार किया है। सानई चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की बात कही है।

### महाशिवरात्रि पर गादेर मंदिर पर होंगे विवाह

**गुना।** जिला मुख्यालय से 8 किमी दूरी पर 200 वर्ष पुरानी प्राचीन शिव मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है यहां बरसों से शिवरात्रि पर हजारों लोग शिवजी को जल चढ़ाते हैं ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ा हुआ होने के कारण यहां हजारों श्रद्धालु मेले का आनंद भी उठाते हैं। कुछ वर्षों पहले गुना के समाजसेवी प्रेम नारायण राठौर भजन द्वारा इस मंदिर का जीवन बुधवार करवाया गया था तथा यहां पर अनेक देवी देवताओं की मूर्तियों की स्थापना भी कराई गई थी। हम हर वर्ष शिवरात्रि पर राठौर परिवार द्वारा शिव शिव बारात निकल जाती है तथा भव्य मेले का आयोजन भी कराया जाता है। भजन राठौर ने बताया की इस वर्ष शिव बारात के साथ-साथ एक वैवाहिक जोड़े का भी विवाह संपन्न कर आएंगे तथा वैवाहिक जोड़े को संपूर्ण दृष्टि का सामान राठौर परिवार द्वारा दिया जाएगा विवाह पूर्णता निशुल्क कराया जाएगा जिसका पूरा खर्च राठौर परिवार द्वारा उठाएंगे उन्होंने बताया कि जो भी वैवाहिक जोड़ा इस महाशिवरात्रि पर विवाह संपन्न करना चाहते हैं उन्हें 11 फरवरी तक पवन राठौड़ के मोबाइल नंबर संपर्क कर सकते हैं तथा लक्ष्मीगंज में होटल संगीता पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# यूजीसी बिल के समर्थन में ओबीसी महासभा लामबंद



**जागरण, गुना।** देश में यूजीसी सुधारों को लेकर जारी बहस के बीच अब इसके समर्थन में भी स्वर मुखर होने लगे हैं। शुक्रवार को गुना कलेक्ट्रेट पहुंचकर ओबीसी महासभा, अजाक्स और अपाक्स सहित कई सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर यूजीसी बिल के समर्थन में राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। इन संगठनों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रस्तावित यूजीसी सुधार पूरी तरह से सही हैं और इन्हें अविलंब लागू किया जाना चाहिए क्योंकि ये समाज के कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने में सहायक सिद्ध होंगे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठनों के प्रतिनिधियों ने विरोध कर रहे गुटों पर निशाना साधते हुए कहा कि फिलहाल कोर्ट ने केवल स्टे दिया है, इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान व्यवस्था में शिक्षण संस्थाओं में अक्सर जाति देखकर अंक तय किए जाते हैं, जो कि प्रतिभा के साथ अन्याय है। संगठनों का तर्क है कि यूजीसी बिल में सजा का अंतिम निर्णय कुलपति के पास होता है, और वर्तमान में अधिकांश कुलपति एक विशेष समाज से आते हैं, जिससे निष्पक्षता प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। संगठनों ने जोर देकर कहा कि आरक्षण केवल भारत की जरूरत नहीं है, बल्कि विदेशों में भी इसे लाभप्रद माना गया है।

# बमोरी अस्पताल में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर का संदिग्ध हालत में सड़क किनारे मिला शव

### ड्यूटी समाप्त कर बमोरी से गुना के लिए निकले थे

**जागरण, गुना।** शासकीय अस्पताल बमोरी में पदस्थ संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी रवि अग्रवाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। रवि का शव शनिवार सुबह करीब 10.30 बजे बमोरी से कुछ किलोमीटर दूर भावपुर रोड के पास सड़क किनारे उनकी मोटरसाइकिल के साथ मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया।



जानकारी के अनुसार, लगभग 40 वर्षीय रवि अग्रवाल मूलतः अशोकनगर जिले के ईसागढ़ के रहने वाले थे और वर्तमान में परिवार के साथ गुना के भुल्लनपुरा में रह रहे थे। वे पिछले 15 वर्षों से स्वास्थ्य विभाग में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच वे अपनी ड्यूटी समाप्त कर बमोरी से गुना के लिए निकले थे। जब वे देर रात तक घर नहीं पहुंचे, तो चिंतित परिजनों ने सोशल मीडिया पर गुमशुदगी की जानकारी साझा की और बमोरी थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद डायल-112 और रवि के साथी कर्मचारियों ने रातभर उनकी तलाश की, लेकिन अंधेरा होने के कारण सफलता नहीं मिली। सुबह स्थानीय लोगों ने भावपुर रोड के पास सड़क किनारे एक शव और बाइक देखी, जिसकी पहचान रवि अग्रवाल के रूप में हुई। मृतक के सिर पर चोट के निशान मिले हैं, जबकि वे हेलमेट पहने हुए थे। हालांकि पुलिस प्रथम दृष्टया इसे सड़क दुर्घटना मानकर चल रही है, लेकिन हेलमेट लगे होने के बावजूद सिर में आई गंभीर चोट और परिस्थितियों को देखते हुए मामले को संदिग्ध माना जा रहा है। बमोरी पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के असली कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। रवि की असामयिक मृत्यु से उनके परिवार और अस्पताल स्टाफ में शोक की लहर है।

# गुना के छात्र का राष्ट्रीय स्तर पर चयन, हरियाणा में दिखाएंगे प्रतिभा




**जागरण, गुना।** मन स्पेशल स्कूल एवं डे केयर सेंटर के विशेष छात्र भानु गोस्वामी ने एक बार फिर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान सुरक्षित किया है। स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए भानु का चयन किया गया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 2 फरवरी से 7 फरवरी तक हरियाणा के रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित की जाएगी, जिसमें भानु गोस्वामी 100 मीटर दौड़ और गोला फेंक स्पर्धा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। भानु के प्रशिक्षक इकराम खान ने बताया कि इस बड़ी चुनौती के लिए भानु पी.जी. कॉलेज मैदान पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं और वे निरंतर अनुशासन व समर्पण के साथ अभ्यास में जुटे हैं। गौरतलब है कि भानु गोस्वामी इससे पूर्व भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर मध्य प्रदेश का मान बढ़ा चुके हैं। अपनी इसी निरंतरता को बरकरार रखते हुए वे 1 फरवरी 2026 को मध्य प्रदेश के दल के साथ रोहतक के लिए रवाना होंगे। भानु की इस उपलब्धि पर मन समिति, गुना के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों और विद्यालय परिवार में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल है और सभी ने भानु को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।व्यक्त की हैं। उनकी यह सफलता जिले के अन्य विशेष बच्चों के लिए भी प्रेरणा का केंद्र बनी हुई है।

### वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था आरोपी, पुलिस ने दबोचा

**गुना।** आरोन थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक शातिर बदमाश को अवैध घातक हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, 30-31 जनवरी 2026 की दरमियानी रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिरोंज रोड स्थित बाईपास तिराहे के पास एक व्यक्ति अवैध कट्टे के साथ किसी वारदात को अंजाम देने की नीयत से घूम रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के मार्गदर्शन में आरोन थाने की विशेष टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस टीम को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सक्रिय पुलिस बल ने उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 315 बोर का एक देशी कट्टा बरामद हुआ, जो कि लोड था और उसमें एक जिंदा राउंड फंसा हुआ था। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वीर सिंह दांगी बताया। पुलिस ने हथियार और कारतूस जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### पीजी कॉलेज में लर्निंग लाइसेंस कैंप आयोजित

# एक ही दिन 227 विद्यार्थियों के बनाए गए लर्निंग लाइसेंस



**जागरण, गुना।** मध्य प्रदेश में चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदार बनाने और उन्हें कानूनी रूप से सक्षम करने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय है। इसी कड़ी में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशों पर शुक्रवार को पीजी कॉलेज गुना में एक विशाल लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें रिकॉर्ड 227 विद्यार्थियों के लर्निंग लाइसेंस मौके पर ही तैयार किए गए। अपर कलेक्टर अखिलेश जैन ने कैंप का बारीकी से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया। यह अभियान 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है, पीजी कॉलेज से पूर्व आयोजित किए गए कैंपों में आरोन शासकीय महाविद्यालय के 96, राघौगढ़ कॉलेज के 105 तथा कन्या महाविद्यालय की 46 छात्राओं के लर्निंग लाइसेंस बनाए जा चुके हैं। इस महत्वपूर्ण कैंप के दौरान आरटीओ ज्ञानेन्द्र वैश्य, आरटीओ कार्यालय से विवेक दुबे, बादाम सिंह राजौरिया, प्रशांत गुप्ता तथा आरक्षक हेमंत रघुवंशी सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

### लापता नाबालिग 24 घंटे में बरामद, परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**गुना।** केंट थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र से लापता हुए एक 16 वर्षीय नाबालिग बालक को मात्र 24 घंटे के भीतर सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया है। मामले के अनुसार, 29 जनवरी 2026 की रात केंट थाना क्षेत्र से एक नाबालिग बालक संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गया था। बालक के पिता द्वारा 30 जनवरी को केंट थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने तत्काल धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर तलाश शुरू की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर और सीएसपी प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में केंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव ने बालक की खोजबीन के लिए विशेष टीम गठित की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों का पालन करते हुए टीम ने मुखबिर तंत्र और आधुनिक तकनीकी संसाधनों का सहारा लिया। पुलिस की सक्रियता और सघन तलाशी के परिणामस्वरूप 31 जनवरी को बालक का सुराग मिला और उसे सकुशल बरामद कर लिया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### सड़कों पर जागरुकता की लहर, विधायक और कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

# बाइक रैली से किसानों को दिया प्राकृतिक खेती का संदेश

**जागरण, गुना।** जिले में किसान कल्याण वर्ष 2026 के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए आज किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी अभियान का शुभारंभ गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया।

इन मुद्दों पर रहा विशेष फोकस बाइक रैली का मुख्य उद्देश्य आधुनिक खेती के साथ-साथ पारंपरिक मूल्यों को जोड़ना रहा। रैली के माध्यम से किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान और उसके बेहतर प्रबंधन की जानकारी दी गई। साथ ही, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, जैविक




उत्पादों के उपयोग और कृषि विभाग की लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाने के प्रति जागरूक किया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय से शुरू हुई यह बाइक रैली हनुमान चौराहा, जयस्तंभ चौराहा और बस स्टैंड जैसे शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों से होते हुए नानाखेड़ी मंडी पहुंची। रैली का समापन उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास कार्यालय पर हुआ। पूरे मार्ग में रैली के माध्यम से नारों और संवाद द्वारा किसानों को कृषि के नए आयामों से जुड़ने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि संजीव शर्मा सहित कृषि विभाग के अनेक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस आयोजन ने न केवल किसानों बल्कि आम नागरिकों को भी पर्यावरण संरक्षण और जैविक कृषि के प्रति जागरूक करने का काम किया।

# हाई स्कूल में विशेषज्ञों ने बच्चों को बताया कैसे बनाएं सफल कैरियर

**जागरण, राघोगढ़।** संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के तत्वाधान एवं जिला शिक्षा अधिकारी गुना के निर्देशन में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक जारी करियर काउंसलिंग मेला के क्रम में करियर जागरूकता कार्यशाला कौशल शिक्षा के प्रति जागरुकता कार्यशाला , जीवन कौशल करियर योजना का आयोजन किया गया। शाला में मुख्य वक्ता डॉक्टर जयराम यादव आयुष विभाग रामनगर ने जीवन कौशल शिक्षा के महत्व को उजागर करते हुए बच्चों को जीवन में सही निर्णय ने लेने का मार्गदर्शन दिया । इसी क्रम में ब्लॉक करियर मार्गदर्शक कु भारती ओझा और कु डोली बुनकर मानसिक स्वास्थ्य मार्गदर्शक ने भी बच्चों को विविध क्षेत्रों में रोजगार अवसर के लिए अभिरुचि कौशल व




दक्षता हासिल करने हेतु मार्गदर्शन दिया। साथ ही आगामी परीक्षा में एकाग्र चित्त होने के गुर बताए। प्राचार्य अरविन्द श्रीवास्तव ने सही समय पर अभिरुचि अनुसार निर्णय लेना अति आवश्यक है। प्रभारी बृज मोहन यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।